नैशनल मीडिया फेडरेशन का राष्ट्रीय समाचार पत्र

www.nationalmediaforceindia.com

# मीडिया फोर्स

पत्रकार सिपाहियों की एक राष्ट्रीय सेना

Emai: mediaforceindia@gmail.com

वर्ष 22 | अंक 9 | नई दिल्ली | 16 मार्च से 31 मार्च 2026 | प्रधान सम्पादकः डॉ. जसबीर आर्य | संपादकः अजीत स्वामी | RNI No-DELHIN/2004/15381 | मूल्य 2 रुपया | पृष्ठः 4

## संक्षिप्त खबर

### गडकरी इस माह के अंत तक कर सकते हैं दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे का निरीक्षण

**नई दिल्ली:** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस बनकर तैयार हो गया है। इसी माह के अंत तक केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी इस एक्सप्रेस वे का निरीक्षण कर सकते हैं। बताया जाता है कि इसके पूरी तरह से शुरू हो जाने से 6 राज्यों को लाभ मिलेगा। साथ ही लोगों को जाम में फंसे बिना दिल्ली से सीधे इन राज्यों तक जाने में सुविधा मिल सकेगी।

बुधवार को भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने भी केंद्रीय मंत्री गडकरी से मुलाकात की और कहा कि दक्षिणी दिल्ली को विशेषतौर पर इस एक्सप्रेस वे के चालू हो जाने से भीड़भाड़ और ट्रैफिक जाम मुक्ति दिलाने में सुविधा मिलेगी।

### एमएलए ऑफिस में कार्यरत युवक से मारपीट, केस दर्ज

**नई दिल्ली:** अमर कॉलोनी इलाके में एमएलए ऑफिस में कार्यरत युवक पर तीन लोगों ने हमला कर दिया। युवक से मारपीट करने के बाद तीनों हमलावर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सक्षम (23) अपने परिवार के साथ डबल स्टोरी डीडीए फ्लैट ईस्ट ऑफ कैलाश इलाके में रहते हैं। वह एमएलए ऑफिस में प्राइवेट नौकरी करते हैं। 14 मार्च को वह घर से बाइक पर ऑफिस जाने के लिए निकले थे। जब वह संत नगर इलाके में पहुंचे तो अचानक तीन युवकों ने उन्हें रोककर हमला कर दिया। हमलावरों ने लात घूसों से उन्हें जमकर पीटा। मामले की सूचना मिलने पर अमर कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायल सक्षम को उपचार के लिए एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी पुलिस खंगाल रही है।

### ब्लेड मारकर लूटपाट करने वाला आरोपी पकड़ा

**नई दिल्ली:** राजौरी गार्डन इलाके में एक युवक के चेहरे पर ब्लेड से हमला कर नकदी व आधार कार्ड लूटने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अजय उर्फ कीटाणु (22) के रूप में हुई है। डीसीपी वेस्ट दराडे शरद भास्कर ने बताया कि 14 मार्च को पीसीआर कॉल के जरिए ब्लॉक 6 सुभाष नगर में लूटपाट की सूचना मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो सुरेंद्र नामक युवक घायल अवस्था में मिला। सुभाष नगर पुलिस चौकी प्रभारी एसआई विक्रांत सिंह व एसआई अश्विनी कुमार की टीम ने आरोपी को डिस्ट्रिक्ट पार्क सुभाष नगर से पकड़ लिया। उसके कब्जे से लूटी गई नकदी व आधार कार्ड के अलावा खून से सना ब्लेड बरामद हुआ।

# औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार पर केंद्रित होगा बजट, जनभागीदारी भी दिखेगी: रेखा गुप्ता



डॉ. जसबीर आर्य ( Ph.D )

नई दिल्लीः दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 2026 के बजट को उद्योगों के लिए बेहतर, निवेश बढ़ाने वाला और रोजगार सृजन करने वाला बनाने के उद्देश्य से बुधवार को दिल्ली सचिवालय में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्रों के उद्यमियों ने हिस्सा लिया और अपनी मांगें, सुझाव और अपेक्षाएं मुख्यमंत्री के सामने रखीं। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के उद्योग मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य ऐसा बजट लाना है, जो उद्योगों को आगे बढ़ाए, निवेश आकर्षित करे और बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा करे। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि उद्योग जगत से मिले सुझावों को आगामी बजट में प्राथमिकता दी जाएगी। उद्योगपतियों ने कहा कि औद्योगिक विकास को तेज करने के लिए कई नीतियों और ढांचे में बदलाव जरूरी हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि औद्योगिक क्षेत्रों में कैपेक्स (निवेश) को दोबारा तय किया जाए, औद्योगिक प्लॉट्स को फ्रीहोल्ड किया जाए और उद्योगों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा उद्योगों में नई तकनीक अपनाने, सोलर रूफटॉप लगाने और फैक्ट्रियों के आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। उद्योग प्रतिनिधियों ने यह भी सुझाव दिया कि दिल्ली को ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर हब के रूप में विकसित किया जाए, ग्रीन बिल्डिंग नीति लागू की जाए और पर्यावरण-अनुकूल उपकरणों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन दिया जाए।

## कानूनी सहायता केंद्र

आप सभी कार्यकर्ताओं एवं पत्रकारों को सूचित किया जाता है कि संगठन के अन्तर्गत एक मजबूत कानूनी सहायता केन्द्र संचालित हो रहा है जिसके प्रभारी एडवोकेट स्वर्णदीप सिंह जी हैं जो कानूनी मामलों के अनुभवी जानकार होने के साथ-साथ अपनी जस्टिस लीग नाम से अपनी एक लॉ फार्म भी चलाते हैं। हमारे इस केंद्र में सभी प्रकार की दिवानी और फौजदारी केसों के अलावा लेबर, मैरिज, मेडिकल, मीडिया, कॉरपोरेट और पारिवारिक विवादों के साथ NDPS, PMLA, ED, CBI, N.I.A. से संबंधी केसों में भी नि:शुल्क बेहतरीन परामर्श दिया जाता है, साथ ही जनहित से जुड़े मामलों में PIL भी डाली जाती है।

अत: कोई भी व्यक्ति इनकी सेवाएं ले सकता है। (संपादक)



**एडवोकेट स्वर्णदीप सिंह**
दिल्ली हाई कोर्ट
CEO, Justice League
मोबाइल: 9821510040

## अनरजिस्टर्ड डॉक्टरों हेतु सूचना

- क्या आप आयुर्वेद, युनानी, होम्योपैथी या ऐलोपैथी चिकित्सा के कुशल व अनुभवी अनरजिस्टर्ड प्रेक्टिशनर है ......?
- क्या आप अपने चिकित्सा व्यवसाय को विधिमान्य करना चाहते है.....?

यदि हाँ ! तो आप भारत सरकार,WHO व माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाईन्स के अनुसार हमारे **Certified Medical Practitioner (CMP)** बनकर अपनी सम्बंधित पैथी में खुलकर चिकित्सा अभ्यास\ व्यवसाय करें।

अतः CMP प्रमाण-पत्र करने हेतु शीघ्र सम्पर्क करें :-

**GLOBAL HEALTH & MEDICAL COUNCIL**
RECOGNISED BY:
MINISTRY OF HUMAN RESOURCES DEVELOPMENT, GOVT. OF INDIA, C.R NO. A-96169/2013
MINISTRY OF COMMERCE & INDUSTRY, GOVT. OF INDIA, TMA NO. 2060457/2010
SUPPORTED BY: MINISTRY OF HEALTH, GOVT. OF INDIA
केन्द्य कार्यालयः प्लॉट न, चन्दा पार्क, द्वारका मोड हाइवे (NSIT के सामने ) नई दिल्ली - 110078
हेल्पलाइनः 09868422283, 09654886532, 09212412283 जिंचचः 9650380366
ईमेलः waradc@gmail.com वैबसाइटः www.worldayurvedresearch.com
NOTE:- KINDLY CNTACT FOR FRANCHISE OPNING & ADMISSION

## आयुर्वेद मे रोजगार भी-परोपकार भी

- क्या आप आयुर्वेद में अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते है?
- क्या आप आयुर्वेदिक/हर्बल उपचार पद्धति सीखना चाहते है?
- क्या आप आयुर्वेद शिरोमणि पत्रिका के पत्रकार या ब्यूरो चीफ बनना चाहते है?
- क्या आप आयुर्वेदिक/हर्बल/यूनानी चिकित्सा पद्धति के अनरजिस्टर्ड किन्तु अनुभवी व गुणी ज्ञानी प्रेक्टिशनर है? तो आप WARDC में सूचीबद्ध हो कर लाभ उठाये।
- क्या आप आयुर्वेदिक चिकित्सा/दवा व्यवसाय या हर्बल कृषि से जुड़े हुये है?
- क्या आप आयुर्वेदिक औषधी निर्माता है? और क्या आप हमारे नेटवर्क के द्वारा अपने सभी उत्पाद व औषधीयां बिकवाना चाहते है?
- क्या आप WARDC के परामर्शदाता/एजेंट/बिजनेस पार्टनर बनना चाहते है?
- क्या आप अपने यहां WARDC ( New Delhi) की फ्रेंचाईजी या प्रशिक्षण/चिकित्सा केन्द्र या शाखा खोलना चाहते है?
- क्या आप अपने क्षेत्र में खादीग्रामोद्योग का विक्रय केन्द्र खोलना चाहते है?
- क्या आप किसी फार्मेसी या Health Care कम्पनी में सेल्स मैन/प्रोमोटर / वितरक / स्टॉकिस्ट/एजेंट/नैटवर्कर या किसी FitnessCentre/Gym/ योग प्रशिक्षण केन्द्र आदि मे ट्रेनर या व्यायाम शिक्षक या योगा टीचर है तो आप WARDC के Certified Health & Wellness Consultant (Health Professional) बनकर जनता को अपनी आरोग्य सेवायें प्रदान करें।

अतः आप भारत सरकार द्वारा विधिमान्य आयुर्वेदिक संगठन WARDC से जुड़ कर अपना विकास करें।

कृप्या और अधिक जानकारी के लिये निम्न पते पर सम्पर्क करें:-
**WORLD AYURVED RESEARCH & DEVELOPMENT COUNCIL**
(विश्व आयुर्वेद अनुसंधान एवं विकास परिषद्)
केन्द्रीय कार्यालयः प्लाट न० 4, चन्द्रापार्क, द्वारका मोड़ हाईवे (NSIT के सामने) नई दिल्ली-110078
हेल्पलाईनः 09868422283, 09654886532, 09212412283 Whatsap: 9650380366
ईमेलः waradc@gmail.com वैबसाईटः www. worldayurvedresearch.com
मिलने का समय प्रातः 10 बजे से शाम 7 बजे तक (कृपया आने से पूर्व सूचित करें)
नोटः WARDC संस्थान का प्रोस्पैक्ट निःशुल्क मंगवाने हेतु अपना नाम-पता पिन कोड सहित SMS करें।

आयुर्वेद सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा पद्धति है अतः इसे अपनाये



# संपादकीय

डॉ. जसबीर आर्य ( ph.D )

## इच्छा मृत्यु : किसी को ये दिन न देखने पड़ें

हाल ही में हरीश राणा नाम के 31 वर्षीय युवक के माता-पिता की याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने इच्छा मृत्यु की अनुमति दे दी। ऐसा देश में पहली बार हुआ। निर्णय देते वक्त अदालत बहुत भावुक भी हो गई। इस युवक के माता-पिता को सैल्यूट भी किया। 13 साल से यह युवक कोमा में था। उसके पूरे शरीर को लकवा भी मार गया था। उसके ठीक होने की कोई उम्मीद भी नहीं थी लेकिन माता-पिता और छोटे भाई ने उसकी बहुत सेवा की।

उन माता-पिता की हालत सोचकर कलेजा मुंह को आता है, जिन्हें अपने बेटे की मृत्यु की इजाजत अदालत से लेनी पड़ी। पिता ने कहा कि उनका बेटा टॉपर था। न जाने उसके कितने सपने थे। हॉस्टल में चौथी मंजिल से गिरा, तो फिर कभी उठ नहीं सका। मां सिसकते हुए बोली कि हमारे बाद उसकी देखभाल कौन करता, इसलिए ऐसा निर्णय लेना पड़ा।

अर्से से अपने यहां इच्छा मृत्यु पर बहस चल रही है। मुम्बई की नर्स अरुणा शानबाग भी दशकों तक कोमा में रहीं। उनके लिए भी इच्छा मृत्यु की मांग अदालत से की गई थी लेकिन अनुमति नहीं मिली थी। बाद में निमोनिया से उनकी मृत्यु हो गई। जिस परिवार पर ऐसी आफत टूटती है, उनके दुखों के बारे में बयान नहीं किया जा सकता। इसीलिए इस मामले में अदालत ने भी कहा कि सरकार को इस बारे में कानून बनाना चाहिए।

कुछ साल पहले अंग्रेजी के एक अखबार ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती ऐसे मरीजों के बारे में एक रिपोर्ट छापी थी। इसमें बताया गया था कि कई ब्रेन डैड मरीज वहां सालों से भर्ती हैं। घर वालों से अस्पताल कहता है कि अब उन्हें घर ले जाएं, जिससे कि अन्य मरीजों को उनके बैड मिल सकें। लेकिन घर वाले इसके लिए तैयार नहीं होते। उन्हें लगता है कि घर ले जाकर वे मरीजों की 24 घंटे देखभाल कैसे करेंगे। अस्पतालों की मजबूरी यह होती है कि उनके पास सीमित संसाधन होते हैं, एक बैड खाली हो, तो हो सकता है कि अनेक मरीज उस लाइन में लगे हों।

यूं भी अपने देश में अस्पतालों की भारी कमी है। प्राइवेट सैक्टर अस्पतालों में जाने के बारे में साधनहीन मरीज तो सोच भी नहीं सकते। शिक्षा की तरह इलाज भी मनुष्य के मौलिक अधिकारों में एक होना चाहिए लेकिन शायद ही कोई इसके बारे में सोचता हो। इसके अलावा ज्यों-ज्यों चिकित्सा प्राइवेट सैक्टर के हाथों में गई है, इलाज महंगे से महंगा होता गया है। लोगों के सारे संसाधन किसी एक व्यक्ति के इलाज में लग जाते हैं। फिर भी बहुत बार मरीज ठीक नहीं होता।

हरीश राणा के परिवार को भी उसके घर में रहने पर भी इलाज के लिए अपना तीन मंजिला मकान तक बेचना पड़ा था। उसके माता-पिता ने यह भी कहा कि अदालत के इस फैसले से उन जैसे अनेक परिवारों को राहत मिलेगी, जो इस तरह की विपत्ति से गुजर रहे हैं। वे वर्षों से बेटे को इस असहाय अवस्था में देख रहे हैं और कुछ कर भी नहीं सकते।

पश्चिम के कई देशों में इच्छा मृत्यु वैध है। आपको याद होगा कि कुछ साल पहले आस्ट्रेलिया के 100 वर्षीय एक वैज्ञानिक इसके लिए स्विट्जरलैंड गए थे। उनका कहना था कि वह बहुत जी लिए, अब और नहीं जीना चाहते। अपनी मृत्यु से एक दिन पहले उन्होंने वहां की खूब सैर की। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें मालूम है कि उनके साथ क्या होगा। तब उन्होंने पूरी प्रक्रिया के बारे में खुद बताया था। अगले दिन अस्पताल में उनकी इच्छा के अनुसार, इंजैक्शन देकर, उन्हें मुक्ति दी गई थी। दरअसल अपने बच्चे या परिवार के किसी सदस्य के लिए इस तरह की मृत्यु की मांग करना दिल पर पत्थर रखने जैसा काम है। इसके लिए बहुत साहस चाहिए। लेकिन जब परिस्थितियां अपने हाथ से निकलने लगती हैं, सारे संसाधन सूख जाते हैं, शरीर की हिम्मत जवाब दे जाती है, तो कोई करे भी क्या। किसी गम्भीर बीमारी या दुर्घटना के कारण किसी के साथ ऐसा हो जाए कि उसके जीवन की सम्भावना बिल्कुल न बचे, तो और रास्ता ही क्या है। आस्ट्रेलिया के वैज्ञानिक को तो ऐसी कोई समस्या नहीं थी लेकिन उनका कहना था कि अब जीने से उनका मन भर गया है।

यह सोचकर भी दिल भर आता है कि जब अस्पताल में हरीश राणा के सारे मैडीकल सपोर्ट हटाए जाएंगे, तो सामने खड़े माता-पिता, अन्य लोगों पर क्या गुजरेगी। यही प्रार्थना की जा सकती है कि ऐसे दिन किसी और को न देखने पड़ें। किसी को इतनी यंत्रणा से न गुजरना पड़े।

# खाड़ी युद्ध : कौन जीता कौन हारा?



दिल्ली हाईकोर्ट एडवोकेट स्वर्णदीप सिंह
मोबाइल:9821510040

ईरान ने अमेरिका के अजेय होने की धारणा को ध्वस्त करते हुए दुनिया को यह सोचने के लिए विवश कर दिया है कि आिखर इस युद्ध में कौन जीता है कौन हार गया? खाड़ी युद्ध : कौन जीता है कौन हार गया? अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान पर थोपा गया बलात युद्ध अनियंत्रित होकर बेहद खतरनाक दौर से गुज़र रहा है। दर्जनों देशों को अपनी चपेट में ले चुके इस युद्ध में अब तक खरबों डॉलर का नुक़सान हो चुका है। अमेरिका - इजरायल द्वारा मिलकर ईरान को जिस स्तर तक नुक़सान पहुँचाया जा चुका है और अब भी उसके ईंधन उत्पाद केंद्रों पर हमले कर लगातार पहुँचाया जा रहा है उससे निित रूप से पहले ही चार दशकों से वैश्विक रूप से आर्थिक व व्यवसायिक प्रतिबंध झेल रहे ईरान की कमर ज़रूर टूट जाएगी। परन्तु इसके बावजूद आप इस निष्कर्ष पर क तई नहीं पहुँच सकते कि ईरान यह युद्ध हार चुका है या हार जायेगा। हाँ इसके विपरीत ईरान ने अपनी बहादुरी, सूझबूझ, योग्यता, दृढ़ संकल्प, विश्वास व वूटनीति के बल पर न केवल दुनिया के कई देशों के चेहरों से नक ाब हटा दी है बल्किअमेरिका के बारे में पूरे विश्व में बन चुकी विश्व विजेता जैसी फ़र्ज़ा धारणा को भी ध्वस्त कर दिया है।

बेशक अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजमिन नेतन्याहू के बहकावे में आकर या एप्सटीन फ ाइल के भयादोहन (ब्लैक मेलिंग) का शिकार होकर ईरान को वेनेज़ुएला की ही तरह कमतर आंक कर उसपर हमला बोल दिया। दुनिया ने देखा कि ईरान पर आव्रमण करने से पूर्व अमेरिका व इजरायल ने किस तरह ईरान के भीतर सत्ता विरोधी बगावत कराने जैसा वुटिल असफल प्रयास किया। गोया आज युद्ध में अपनी मुंह की खाने वाला अमेरिका मोसाद की मदद से ईरान में सत्ता विरोधी बगावत का भी सहारा लेना चाह रहा था जोकि राष्ट्रवादी ईरानियों ने मुमकिन नहीं होने दिया। न ही शाह की औलाद को ईरान पर पुनः थोपने की अमेरिकी चाल कामयाब हो सकी। लिहाज़ा यह कहना गलत नहीं होगा कि अमेरिका अपनी इस वुटिल चाल में शुरूआत में ही ईरान से हार चुका था। इसके बाद बावजूद इसके कि 27 फ रवरी तक दोहा में ईरान - अमेरिका के बीच वार्ता हो ही रही थी फिर भी अमेरिका ने इजरायली सेना के साथ मिलकर 28 फ रवरी को पूरी ताक त के साथ तेहरान पर हवाई हमले शुरू कर दिये। इन हमलों का उद्देश्य ईरान में सत्ता परिवर्तन, ईरान की मिसाइल क्षमताओं, परमाणु सुविधाओं और नेतृत्व को नष्ट करना था। ऑपरेशन रोअरिंग लायन और ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नमक इस पहले आक्रमण में ही ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई का तेहरान के पेस्टूर स्ट्रीट स्थित आवास पर हमले में निधन हुआ। इसी हमले में वुल लगभग 40 ईरानी अधिकारी मारे गए, साथ ही 1, 444 से अधिक मौतें भी हुईं जिनमें 168 बच्चे और 200 महिलाएं शामिल थीं। इसी हमले में अयातुल्लाह अली खामनेई के दामाद, पोते और अली शमखानी जैसे अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारी मारे गये। रक्षा मंत्री अमीर नासिर जादेहऔर रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांडर मोहम्मद पाक पुर व सेना प्रमुख अब्दुल रहीम मूसवी सहित चार वरिष्ठ सैन्य अधिकारी मारे गये। इसी हमले में ईरान के 24 प्रांत प्रभावित हुए, जहां 500 से अधिक सैन्य लक्ष्य जैसे एयर डिफेंस, मिसाइल लॉन्चर, नौसेना और नतांज, कराज, बुम की परमाणु सुविधाएं आदि के नष्ट होने के दावे किये गये। तेहरान में राष्ट्रपति भवन, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद, खुफिया मंत्रालय और ग्रैंड बाज़ार को काफी क्षति पहुंची नागरिक इलाक ों पर भीषण बमबारी की गयी। अमेरिकी टॉम हॉक मिसाईल से मिनाब में लड़कियों के एक स्कूल में 148 लड़कियों की मौत हो गयी तथा कई अस्पतालों को नुक़सान हुआ। साइबर हमलों से इंटरनेट कनेक्टिविटी बुरी तरह प्रभावित हुई और उसी समय होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया जिससे वैश्विक स्तर पर तेल आपरूति बाधित हुई। इसी हमले के बाद ही ट्रंप ने यह कहना शुरू कर दिया था कि हमने संघर्ष के शुरूआती घंटों में ही ईरान की वायुसेना को ज़मीन पर ही तबाह कर दिया गया, और अब ईरान के पास वास्तविक एयरफ ोर्स जैसी कोई प्रभावी ताक त नहीं रही। उन्होंने कई बार यह दावा किया है कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में ईरान की नौसेना (नेवी) और वायु सेना (एयरफ ोर्स) की क्षमता खत्म या लगभग पूरी तरह नष्ट कर दी गई है। नौसेना को लेकर उन्होंने दावा किया है कि ईरान के लगभग सभी युद्धपोत और नौसैनिक जहाज़ डूबा दिए गए हैं, वुछ बयानों में 32 जहाज़ों के तलहटी में जाने और 58 नौसैनिक जहाज़ों के नष्ट होने जैसी संख्या भी दी गई।परन्तु ट्रंप के इन दावों के बावजूदईरान के मिसाइल और ड्रोन के भरपूर हमले अभी भी जारी हैं। और यह हमले अपनी तीव्रता व सटीकता के चलते अमेरिका सहित पूरे विश्व हो अचंभे में डाले हुये हैं। भले ही ईरानी सेना, नेवी और रडार व वायु रक्षा प्रणाली को भारी नुक सान ज़रूर पहुँचा है परन्तु इसके बावजूद ईरान ने पूरी दुनिया को यह भी दिखा दिया है कि 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद ईरान ने सिर्फ़ अमेरिकी पिट्ठू शाह पहलवी की सत्ता को ही नहीं उखाड़ फेंका बल्कि 47 वर्षों तक वैश्विक प्रतिबंधों के बावजूद ईरान ने सामाजिक, शैक्षिक, वैज्ञानिक व सामरिक स्तर पर जो तैयारियां की हैं आज उसी का नतीजा सामने है।

# ईरान के हमले ने चौंका दिया

ईरान के हमले ने चौंका दिया ईरान और अमेरिका-इजरायल जंग खतरनाक मोड़ पर पहुंच गई है। अमेरिका-इजरायल की वायुसेना ने शनिवार सुबह ईरानी न्यूक्लियर हार्ट नतांज परमाणु संवर्धन केंद्र पर भीषण हमला किया। ईरानी परमाणु ऊर्जा संगठन ने इसे आपराधिक हमला करार दिया। हालांकि प्लांट से किसी रेडियोधमा रिसाव की खबर नहीं है। अमेरिका-इजरायल के इस हमले का असर अब वैश्विक जंग पैलने का खतरा हो गया है। नतांज पर हमले के वुछ ही घंटों के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई (आपरेशन ट्रू प्रामिस-4) में हिद महासागर स्थित अमेरिका ब्रिटेन के एयरबेस डिएगो गार्सिया पर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दाग कर दुनिया को चौंका दिया। ईरान ने पहली बार पूर्व घोषित 2000 किमी की रेंज की लिमिट तोड़ 4000 किमी दूर प्राहार की क्षमता दिखाई। रिपोर्ट के मुताबिक एक मिसाइल उड़ान के दौरान विफल हो गई, जबकि दूसरी को रोकने के लिए अमेरिकी युद्धपोत ने एसएम-3 इंटरसेप्टर का इस्तेमाल किया, हालांकि इसकी सफलता की पुष्टि नहीं हुई है। यह हमला इसलिए अहम माना जा रहा है क्योंकि डिएगो गार्सिया ईरान से करीब 4000 किलोमीटर दूर है, जो ईरान की घोषित 2000 किलोमीटर की रेंज से दोगुना है। यदि यह रिपोर्ट सही है तो ईरान की मिसाइल क्षमता को लेकर बनी पुरानी धारणाएं टूट चुकी हैं। ईरान को लेकर धारणा थी कि उसके पास 2000 किलोमीटर तक की रेंज की क्षमता है।



अजीत स्वामी
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, नेशनल मीडिया फेडरेशन
मोबाइल:9810258654

लेकिन इस हमले से दुनिया सन्न रह गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक 4000 किलोमीटर की रेंज ईरान को इंटरमीडिएट रेंज मिसाइल क्षमता के करीब ले जाती है। इसका मतलब है कि अब यूरोप के कई बड़े शहर जैसे पेरिस, बर्लिन और रोम भी संभावित दायरे में आ सकते हैं। जबकि लंदन भी खतरे से बाहर नहीं है। यह बदलाव बताता है कि खतरा अब सिर्फ खाड़ी देशों या इजरायल तक सीमित नहीं रहा। यदि इसकी पुष्टि होती है तो यह हमला केवल सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि एक बड़ा रणनीतिक संदेश भी माना जाएगा। सेंटर फॉर स्ट्रेटिजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज के अनुसार ईरान के पास पिम एशिया में सबसे बड़े और सबसे विविध मिसाइल का जखीरा है। इस जखीरे में कई लंबी दूरी की मिसाइलें शामिल हैं, जो इजरायल तक पहुंचने में सक्षम है। इनमें सेजिल, खुर्रमशहर और गद्र शामिल है। एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी मिसाइलें इजरायल तक तो तबाही मचा ही रही हैं पर अब यह दायरा बढ़ भी सकता है। ईरान के पास अलग-अलग प्रांतों में कम से कम 5 भूमिगत मिसाइल शहर भी हैं। ईरान के मिसाइल जखीरे में मोर्टार, रॉकेट, ड्रोन बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलें शामिल हैं।


## मीडिया फोर्स संपादकीय मंडल

| | | |
|---|---|---|
| आशीर्वाद | : | श्री नरेन्द्र मोदी जी, माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार |
| मार्ग दर्शक | : | श्री अमित शाह, माननीय गृहमंत्री, भारत सरकार |
| | : | श्री राजनाथ सिंह, माननीय रक्षा मंत्री, भारत सरकार |
| | : | श्री अजीत डोभाल, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, भारत सरकार |
| संरक्षक | : | डॉ किरण बेदी IPS (पूर्व राज्यपाल) |
| | : | मा. अन्ना हजारे (प्रसिद्ध आंदोलनकारी) |
| प्रधान सम्पादक | : | डॉ. जसबीर आर्य |
| प्रबंध सम्पादक | : | वैद्यराज शालिग्राम विद्याचस्पति |
| समाचार सम्पादक | : | डॉ. फारूक अंसारी |
| कार्यकारी सम्पादक | : | अजीत स्वामी |
| अतिथि सम्पादक | : | बाबा जनार्दन दास |
| सलाहकार सम्पादक | : | डॉ संजय जोशी |
| संयुक्त सम्पादक | : | विनोद कुमार |
| सह सम्पादक | : | संत राम कांडा |
| उप संपादक | : | डा. उदयन आर्य |
| सोशल मीडिया प्रभारी | : | कुनाल |
| चीफ फोटोग्राफर | : | प्रदीप गौतम |
| मुख्य संवाददाता | : | अशोक मल्होत्रा |
| प्रधान ब्यूरो चीफ | : | अनिल शर्मा |
| विशेष संवाददाता | : | खालिद (गुडू) |
| कार्यालय प्रभारी | : | चरणजीत |
| तकनीकी प्रभारी | : | जितेन्द्र |
| जन संपर्क अधिकारी | : | मोहन दास |
| विज्ञापन प्रभारी | : | के.वी. शर्मा, जे.पी.पांडे |
| महिला प्रभारी | : | बीना |
| कानूनी प्रभारी | : | एडवोकेट स्वर्णदीप सिंह, (दिल्ली हाईकोर्ट) 9821510040 |



Central Office:
MEDIA FORCE
Plot No.4 Chandra Park (Opp.NSUT) Dwarka Mod Highway, New Delhi-110078
Helplines .:9212412283, 9650380366, 9868422283
www.nationalmediaforceindia.com
Email: mediaforceindia@gmail.com

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों को किया सम्मानित



**वैद्यराज शालिग्राम विद्यावाचस्पति**



**नई दिल्ली:** महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने एवं उनके महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करने के उद्देश्य से, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के अध्यक्ष केशव चंद्रा (आईएएस) ने एनडीएमसी महिला कर्मचारी कल्याण संघ एवं कल्याण विभाग द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 कार्यक्रम में भाग लिया और सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर चंद्रा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को महिलाओं के योगदान, संघर्ष और उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने इस वर्ष की थीम गीव टू गेन का उल्लेख करते हुए कहा कि समय, संसाधन और मार्गदर्शन में निवेश कर समाज में समृद्धि और समान अवसरों को बढ़ावा दिया जा सकता है। इस अवसर पर चंद्रा ने एनडीएमसी के विभिन्न विभागों सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं, प्रशासन एवं अन्य इकाइयों में कायज़्रत लगभग 40 महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं समर्पण के लिए सम्मानित किया। उन्हें उनके योगदान की सराहना के प्रतीक स्वरूप शील्ड प्रदान की गई इस अवसर पर प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, जो वर्तमान में दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं, की धर्मपत्नी स्वाति सिंह वर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और महिलाओं को सम्मानित किया।



*नई दिल्ली: एएसआई ने 400 साल पुराने बारापूता पुल को पैदल यात्रियों के लिए खोला।*

## फिलीपींस के बाद अब इंडोनेशिया खरीदेगा ब्रह्मोस मिसाइल

**नई दिल्ली:** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान तथा उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने वाली ब्रह्मोस मिसाइल एक बार फिर सुर्खियों में है और फिलीपीन्स के बाद इंडोनेशिया भी अपने सशस्त्र बलों के लिए यह मिसाइल प्रणाली खरीदने जा रहा है। इंडोनेशिया की मीडिया रिपोर्ट में वहां के रक्षा मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि उसने ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की खरीद को अंतिम रूप दे दिया है। लंबे समय से चली आ रही बातचीत के बाद इस सौदे को अंतिम रूप दिया गया है। रिपोर्ट में सौदे की कीमत के बारे में खुलासा नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि ब्रह्मोस मिसाइलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादी ठिकानों और पाकिस्तान के किराना हिल्स के पास स्थित भूमिगत ठिकानों सहित पाकिस्तानी वायु सेना के अनेक एयर बेस को भारी नुकसान पहुंचाया था। यह दुनिया की सबसे तेज और उन्नत सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में है जो ध्वनि की गति से 3 गुना तेज गति से मार करने में सक्षम है।

## जनधन खातों में न्यूनतम राशि न रखने पर दंडात्मक शुल्क नहीं : सीतारमण

**नई दिल्ली:** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना सहित लगभग 72 करोड़ बुनियादी बचत बैंक जमा खातों या जनधन खातों (बी.एस.बी.डी.ए.) पर न्यूनतम शेष राशि न रखने पर कोई दंडात्मक शुल्क नहीं लगेगा। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उन्होंने कहा कि बैंक बुनियादी बचत बैंक जमा खातों में शून्य-शेष बचत खाते की सुविधा प्रदान करते हैं ताकि विशेष रूप से कमजोर और छोटे जमाकर्ताओं के लिए बैंकिंग सुविधाओं तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित की जा सके (बी.एस.बी.डी.ए. में प्रधानमंत्री जन धन योजना (पी.एम.जे.डी.वाई.) के तहत खोले गए खाते भी शामिल हैं। इन खातों में कोई भी न्यूनतम शेष राशि रखने की आवश्यकता नहीं होती और खाताधारकों को जमा, निकासी और ए.टी.एम. की सुविधा जैसी बुनियादी बैंकिंग सेवाएं बिना किसी दंडात्मक शुल्क के निःशुल्क प्रदान की जाती हैं।

## उपराज्यपाल ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके कैबिनेट सहयोगियों से की मुलाकात

**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने लोक निवास में उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू से मुलाकात की और केंद्र सरकार के विकसित भारत दृष्टिकोण को साकार करने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार की पहलों की जानकारी दी। लोक निवास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उपराज्यपाल ने दिल्ली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप एक वैश्विक राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए मौजूद प्रमुख चुनौतियों, अवसरों और सामूहिक संकल्प पर जोर दिया। लोक निवास के अनुसार मुख्य सचिव राजीव शर्मा सहित दिल्ली सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी संधू से मुलाकात की। उपराज्यपाल ने अधिकारियों के साथ दिल्ली से जुड़े प्रमुख शासन और प्रशासनिक मामलों की समीक्षा की।



उपराज्यपाल ने दिल्ली के पुलिस आयुक्त और विशेष आयुक्तों के साथ बैठक में राष्ट्रीय राजधानी में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उनके प्रयासों की सराहना की और सामने आने वाली चुनौतियों पर बात की। लोक निवास ने एक अन्य पोस्ट में कहा कि उपराज्यपाल ने देश की राजधानी के अनुरूप सुरक्षित और संरक्षित दिल्ली सुनिश्चित करने के लिए कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने का आह्वान किया। दिल्ली के उपराज्यपाल का पद संभालने के एक सप्ताह के भीतर संधू विभिन्न विभागों के शीर्ष अधिकारियों के साथ सिलसिलेवार बैठकें कर रहे हैं और शासन एवं विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं।

**नवाचार, डिजिटल अवसंरचना और प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी भूमिका पर भी बल दिया**

उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज (नैसकॉम) ग्लोबल कॉन्फ्लुएंस 2026 में राष्ट्र निर्माण में प्रौद्योगिकी की भूमिका विषय पर मुख्य वक्तव्य भी दिया। संधू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने समावेशी और भविष्य के लिए तैयार भारत के निर्माण में नवाचार, डिजिटल अवसंरचना और प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी भूमिका पर बल दिया।

Self Employment Govt. Recognised Job Oriented Course

शिक्षित लोगों के लिए रोजगार के अवसर

MEDICAL ADMISSION OPEN

PARA MEDICAL COURSE OFFERED

(Under the Mode Of Distance Education/Open Learning Programme)

| Course Name | Eligibility | Duration | Fees |
|---|---|---|---|
| 1. DIPLOMA IN RURAL HEALTH CARE (DRHC) | 10th Pass | 1 Year | 10,000/- |
| 2. DIPLOMA IN MULTI HEALTH WORKER (DMHW) | 10th Pass | 1 Year | 10,000/- |
| 3. DIPLOMA IN MEDICAL & NURSING ASSISTANT (DMNA) | 10th Pass | 1 Year | 10,000/- |
| 4. DIPLOMA IN COMMUNITY HEALTH WORKER (DCHW) | 10th Pass | 1 Year | 10,000/- |
| 5. DIPLOMA IN PUBLIC HEALTH & SANITARY INSPECTOR (DPHSI) | 10th Pass | 1 Year | 15,000/- |
| 6. DIPLOMA IN PRIMARY HEALTH & MEDICARE(DPHM) | 10th Pass | 1 Year | 15,000/- |
| 8. DIPLOMA IN MATERNAL & CHILD HEALTHCARE (DMCH) | 10th Pass | 1 Year | 20,000/- |
| 9. DIPLOMA IN CHILD CARE THERAPIST (DCCT) | 10th Pass | 1 Year | 20,000/- |
| 10. DIPLOMA IN PHYSIOTHERAPY (DPT) | 12th Pass | 1 Year | 40,000/- |
| 11. DIPLOMA IN COMMUNITY MEDICAL SERVICE & ESSENTIAL DRUGS (CMS-ED) | 10th Pass | 1 ½ Yrs. | 20,000/- |
| 12. DIPLOMA IN GENERAL MEDICAL DRUGS (DGMD) | 12th Pass | 1 Yrs. | 20,000/- |
| 13. DIPLOMA IN MEDICAL LAB TECHNICIAN (DMLT) | 10th Pass | 1 Year | 20,000/- |
| 14. DIPLOMA IN OPERATION THEATER TECHNICIAN (DOTT) | 10th Pass | 1 Year | 20,000/- |
| 15. DIPLOMA IN EMERGENCY MEDICAL TECHNICIAN (DEMT) | 10th Pass | 1 Year | 20,000/- |
| 16. DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN/ DIPLOMA IN EYE CARE TECHNICIAN | 10th Pass | 1 Year | 20,000/- |
| 17. DIPLOMA IN DENTAL TECHNICIAN / DIPLOMA IN DENTAL HYGINE | 10th Pass | 1 Year | 20,000/- |
| 18. CERTIFIED PARA MEDICAL PRACTITIONER (CPMP) | 10th Pass | Experience Based | 20,000/- |

Kindly Contact For Admission and franchise opening:-

SHAHID GANGA RAM INSTITUTE OF HEALTH TRAINING
Governed By GHMC, Establised Under ITA-1882 Vide No. 2570
Affiliated By : Indian Board of Paramedical Science, New Delhi
Endorsement By: Ministry of Health & Family Welfare, Govt of India
Supported By: Lok Sabha Secretriate, Parliament House, New Delhi
Regd. Office : Plot No. 4, Chandra Park, (Opp. NSIT) Dwarka Mod Highway, New Delhi-110078
Admn. Off.: Plot No. 3, Hari Vihar, (Opp. Metro Pillar No. 811) Dwarka Metro Station, New Delhi 110078
Contact No.: 09212412283, 9650380366, 9868422283
E-mail: ghamc17@gmail.com Website: www.globalmedicalcouncil.com
Timing: 10:00 am To 6:00 pm (SUNDAY CLOSED)

|| dr. sunetri's ayurveda ||
(A Superspeciality Ayurveda And Panchkarma Clinic)
NABH

M.D. (PANCHKARMA) डॉक्टर द्वारा संचालित नोएडा का एक मात्र CGHS, CAPF DERC, ECHS मान्यता प्राप्त आयुर्वेदिक सेन्टर



Dr. Sunetri Singh
M.D. (Panchkarma)
Founder of Dr. Sunetri's Ayurveda
Sr. Ayurveda Consultant & Panchkarma Expert
Trained at India's 1st All India Institute of Ayurveda
5th Generation Vaidya of the Family (Since 1939)

OUR SPECIALITIES

- Panchkarma
- Agni Karma
- Vidh Karma
- Raktmokshan
- Leech Therapy
- Post Delivery Care
- Neurological Disorders
- Spinal Cord Diseases
- Cervical Pain
- Sciatica
- All Joints Pain (Knee/Shoulder Pain Etc.)
- Rheumatoid Arthritis
- Osteo Arthritis
- Kidney Diseases
- Male/Female Infertility (नपुंसकता/बन्ध्यत्व)
- Gyane Disorders स्त्री रोग
- PCOS/PCOD
- Gastrointestinal Disorders (पेट के रोग)

CAPF
CGHS, CAPF, DERC, ECHS कार्ड धारकों के लिए निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा उपलब्ध है।
DERC
ECHS

SBI general
BAJAJ Allianz General Insurance Co. Ltd.
Universal Sompo General Insurance

आज ही कॉल करेः-
8178401343, 9818006383
(BY PRIOR APPOINTMENT ONLY)
F-33, Sector-56, Noida-201301 (U.P.) | Shop No.-SB203, 2nd Floor, Galaxy Diamond Plaza, Near Gaur Chowk, Haibatpur, Noida Extention

# 40 साल बाद पंजाब में होगी राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप

## आयोजन से पंजाब के उभरते खिलाड़ियों को बड़ा फायदा मिलेगा : रितिन खन्ना

**डॉ. जसबीर आर्य ( Ph.D )**

जालंधरः पंजाब में बैडमिंटन को बड़ा बढ़ावा मिलने जा रहा है, क्योंकि राज्य 40 साल बाद राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी करने जा रहा है। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) ने 38वीं सब-जूनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप पंजाब को सौंपी है।

जानकारी देते हुए पंजाब बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव रितिन खन्ना ने बताया कि यह चैंपियनशिप 9 से 12 दिसंबर 2026 तक रायजादा हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम,जालंधर में आयोजित होगी। इसमें 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 350 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। पंजाब में पिछली बार राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप 1987 में जालंधर में ही आयोजित हुई थी।

खन्ना ने बताया कि पीबीए लगातार बीएआई के संपर्क में था और स्टेडियम की बेहतर सुविधाओं का निरीक्षण करने के बाद ही मेजबानी का अधिकार दिया गया। उन्होंने कहा कि विजेताओं को कुल 10 लाख रूपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। इस चैंपियनशिप में अंडर-13 लड़के और लड़कियों के सिंगल्स और डबल्स मुकाबले होंगे, जो बीएआई अधिकारियों की निगरानी में कराए जाएंगे। खिलाड़ियों, कोच, मैनेजर और अधिकारियों के रहने और खाने की व्यवस्था पीबीए द्वारा की जाएगी।

खन्ना ने कहा कि इस आयोजन से राज्य के उभरते खिलाड़ियों को बड़ा फायदा मिलेगा और उन्हें राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को देखने और उनके साथ खेलने का अवसर मिलेगा।

गौरतलब है कि रायजादा हंसराज बैडमिंटन स्टेडियम में पिछले पांच वर्षों में 1 करोड़ रूपए की लागत से बड़ा सुधार किया गया है। अब यहां 10 कोर्ट, जिम, रेस्टोरेंट, स्पोर्ट्स शॉप और फिजियोथेरेपी सेंटर की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

पूर्व केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर भी स्टेडियम का दौरा कर चुके हैं और उन्होंने डीबीए, जालंधर की अंतरिम कमेटी के काम की सराहना की थी।

उल्लेखनीय है कि रितिन खन्ना, जो पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी भी हैं को खेल में उनके योगदान के लिए पंजाब के राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

# निगम के बड़े पार्कों में बनेगी नर्सरी



**अजीत स्वामी**
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, नेशनल मीडिया फेडरेशन
मोबाइल:9810258654

**नई दिल्ली:** दिल्ली में हरित क्षेत्रों के बेहतर उपयोग और राजस्व बढ़ाने के लिए दिल्ली नगर निगम ने कई नई परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। इन्हीं योजनाओं में पार्कों में नर्सरी विकसित करने का निर्णय लिया गया है। निगम ने अपने एक एकड़ या उससे बड़े पार्कों में निजी क्षेत्र के साथ मिलकर नर्सरी विकसित करेगी। निगम को इस योजना से उम्मीद है कि उसको आय प्राप्त होगी। चिन्हित किए गए पार्कों में फ्लोरिस्ट और उद्यान से जुड़े व्यवसायों के लिए क्योस्क बनाने की भी योजना है, जिससे पार्कों का रखरखाव बेहतर हो सकेगा।

गौरतलब है कि दिल्ली नगर निगम के पास वर्तमान में 15230 पार्क हैं। इनमें से अधिकतर का क्षेत्रफल एक एकड़ या उससे अधिक है। कई बड़े पार्कों की देख-रेख न होने के कारण हरियाली खत्म हो रही है। इसी के मद्देनजर यह निर्णय लिया है। पार्कों में नर्सरी विकसित करने के लिए निजी एजेंसियों या उद्यान विशेषज्ञों को आउटसोर्स किया जाएगा। ये एजेंसियां पौधों की नर्सरी तैयार करेंगी। पौधों की बिक्री पर निगम को तय शुल्क प्राप्त होगा। निगम के मुताबिक कुछ चयनित पार्कों में फ्लोरिस्ट और उद्यान से जुड़े छोटे व्यवसायों के लिए क्योस्क भी विकसित किए जाएंगे। इन क्योस्क में फूल, पौधे, बागवानी से जुड़ी सामग्री और सजावटी पौधों की बिक्री की जा सकेगी। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और पार्कों का उपयोग भी अधिक प्रभावी तरीके से हो सकेगा।

निगम का कहना है कि दिल्ली जैसे महानगर में हरित क्षेत्रों का संरक्षण बेहद जरूरी है। बढ़ते शहरीकरण के बीच पार्क ही ऐसे स्थान हैं, जहां लोगों को स्वच्छ वातावरण और हरियाली मिलती है। यदि इन पार्कों का व्यवस्थित उपयोग किया जाए तो न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद मिल सकती है, बल्कि एमसीडी के लिए अतिरिक्त राजस्व का स्त्रोत भी तैयार किया जा सकता है। इस मामले में निगम सदन की बैठक में कुछ दिन पहले एक प्रस्ताव को पारित को मंजूरी दी गई है।

# निगम : रोहिणी जोन के अधिकारियों के साथ बैठक

नई दिल्ली, 18 मार्च (नवोदय टाइम्स): दिल्ली नगर निगम के नेता सदन प्रवेश वाही ने बुधवार को रोहिणी जोन में नागरिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने एवं स्वच्छता को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर निगम के रोहिणी जोन के उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह, रोहिणी जोन उपायुक्त ऋषिता गुप्ता, डेम्स विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा सभी वार्डों के सफाई निरीक्षक उपस्थित रहे। बैठक में वाही ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी वार्डों के पार्कों में हरित अपशिष्ट (ग्रीन वेस्ट) का नियमित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि वे स्वच्छ और हरे-भरे बने रहें।

# अब एआई और सैटेलाइट से होगी आपदाओं की निगरानी

नई दिल्लीः दिल्ली में अत्याधुनिक इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (ईओसी) और इंटीग्रेटेड कमांड ऐंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किए जाएंगे। ये केंद्र आपदा प्रबंधन के लिए मुख्य नियंत्रण केंद्र के रूप में काम करेंगे, जहां रियल-टाइम समन्वय, एआई और सैटेलाइट डेटा के जरिए पूवार्नुमान (प्रीडिक्टिव एनालिटिक्स) और तेज प्रतिक्रिया तंत्र विकसित किया जाएगा। इनका उपयोग बाढ़, भूकंप, आग और रासायनिक आपदाओं समेत सभी आपात स्थितियों में किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण फैसला एक विशेष बैठक में लिया गया।

दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू की अध्यक्षता और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सह-अध्यक्षता में बुधवार को दिल्ली राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीएसडीएमए) की बैठक की गई। बैठक में राजधानी दिल्ली में आपदा प्रबंधन से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में दिल्ली अर्बन फ्लड मिटिगेशन प्लान को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई, जिसके लिए करीब 21,000 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित है। इस योजना के तहत ड्रेनेज इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जाएगा, बड़े नालों की सफाई (डीसिल्टिंग) की जाएगी, अतिरिक्त स्टॉर्म वॉटर चैनल बनाए जाएंगे और रियल-टाइम फ्लड मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित किए जाएंगे।

इसका उद्देश्य मॉनसून के दौरान शहरी बाढ़ के जोखिम को काफी हद तक कम करना है। मुख्यमंत्री ने आने वाले मॉनसून को ध्यान में रखते हुए इस योजना को समय पर लागू करने पर विशेष जोर दिया। उपराज्यपाल ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि इन योजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाई जाए और समय पर उन्हें पूरा किया जाए। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली को आपदा के प्रति अधिक सक्षम और सुरक्षित बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी दोहराया कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 सूत्रीय एजेंडे को मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में अपनाया जाएगा।



# आप सरकार के समय की लंबित ई-वाहनों की सब्सिडी जल्द होगी जारी

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार ने दिल्ली ईवी नीति के तहत लंबे समय से लंबित इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खरीद सब्सिडी के वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत 12,877 लोगों को 24.04 करोड़ रुपए की सब्सिडी मिलने जा रही है। वहीं, परिवहन विभाग कंपनियों और फर्मों के 3948 सत्यापित लाभार्थियों को सब्सिडी जारी करेगी। ये वे मामले हैं जिनके दस्तावेजों और पात्रता का सत्यापन पूरा हो चुका है। उन लाभार्थियों को लगभग 7.95 करोड़ रुपए की सब्सिडी वितरित की जाएगी। दिल्ली ईवी इंसेंटिव पोर्टल को अपग्रेड किया जा रहा हे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता जल्द इसे पुनः लांच करेंगी। दिल्ली ईवी इंसेंटिव पोर्टल पर उपलब्ध डेटा के अनुसार कुल 22,733 ईवी सब्सिडी के दावे लंबित थे। लाभार्थियों के रिकार्ड की डुप्लीकेशन हटाने और आधार सत्यापन प्रक्रिया के बाद 16,892 व्यक्तिगत खरीदारों के मामलों को आधार-आधारित डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के लिए पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम प्लेटफार्म पर भेजा गया । इनमें से 12,877 व्यक्तिगत लाभार्थियों की आधार सीडिंग पूरी हो चुकी है, जिससे वे 24.04 करोड़ रुपए की सब्सिडी राशि पाने के पात्र हो गए हैं। शेष 4,015 मामलों को आधार सत्यापन के लिए पीएफएमएस प्लेटफार्म पर फिर से अपलोड कर दिया गया है और वर्तमान में उनका आधार सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि जिन लोगों के दस्तावेज पूरे नहीं हैं या दस्तावेजों में कोई कमी रही है, उन्हें इसके लिए एक मौका भी दिया जाएगा। परिवहन मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने कहा है कि पिछली आप सरकार इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और प्रदूषण कम करने को प्राथमिकता देने में नाकाम रही, जिसके कारण ईवी खरीदारों को मिलने वाली सब्सिडी का वितरण नहीं हो पाया जो यह बताता है कि सरकार प्रदूषण के प्रति बिल्कुल भी गंभीर नहीं थी।

# यूपी से एलपीजी सिलेंडर लाकर ब्लैक में बिक्री का खुलासा

**नई दिल्ली:** यूपी के मेरठ से एलपीजी गैस सिलेंडर लाकर जामिया नगर इलाके में ब्लैक में बेचने का पुलिस ने खुलासा किया है। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से छोटा हाथी में लदे 62 गैस सिलेंडर बरामद किए गए हैं। इनमें 48 भरे तथा 14 खाली सिलेंडर शामिल हैं। आरोपी की पहचान शाहनवाज (28) के रूप में हुई है। वह गाड़ी मालिक के साथ मिलकर मुनाफा कमाने के लिए गैस सिलेंडर लाया था। पुलिस अब छोटा हाथी के मालिक मुकेश की तलाश कर रही है।


अनरजिस्टर्ड डाक्टरों हेतु सूचना

भारत सरकार, सुप्रीम कोर्ट व WHO द्वारा मान्यता प्राप्त ऐलोपैथी मेडीकल प्रेक्टिशनर बने। CMS व ED डेढ़ वर्षीय कोर्स रेगुलर/पत्राचार द्वारा पास करके अपना Primary Health Care Centre/Clinic आदि खोलकर ऐलोपैथी में निर्भिक होकर प्रेक्टिस करें। अनुभवी व कुशल अनरजिस्टर्ड डॉ0 सत्यापन के बाद सीधे रजिस्ट्रेशन प्राप्त करें।
SGRI इन्स्टीट्यूट अनुभवी एवं अप्रशिक्षित चिकित्सकों को सही ज्ञान कराने हेतु प्रशिक्षण देता है। जिससे प्रशिक्षित चिकित्सक जनता को प्राथमिक चिकित्सा सेवाऐं उपलब्ध करा सकें।
शुल्क केवल मात्र 20,000/-रू।
इससे सस्ता और बढिया मौका नहीं मिलेगा

वार्ड व ब्लाक स्तर पर केन्द्र खोलने हेतु सम्पर्क करें-:
SHAHID GANGA RAM INSTITUTE OF HEALTH TRAINING
Governed By GHMC. Established Under ITA-1882 Vide No. 2570
Affiliated By : Indian Board of Paramedical Science, New Delhi
Supported By : Ministry of Health & Family Welfare, Govt. of India
Endorsement By : Lok Sabha Secretariat , Parliament House, New Delhi
Central Office : Plot No.4, Chandra Park, (Opp. NSIT) Dwarka Mod Highway, New Delhi - 110078
Helpline .: 9212412283, 9650380366 E-mail : ghamc17@gmail.com Website : www.globalmedicalcouncil.com



अनरजिस्टर्ड डॉक्टरों हेतु सूचना

1. क्या आप आयुर्वेद, युनानी, होम्योपैथी, ऐलोपैथी या पारम्परिक चिकित्सा पद्धति के कुशल व अनुभवी किन्तु अनरजिस्टर्ड प्रेक्टिशनर है....?
2. क्या आप अपने चिकित्सा व्यवसाय को विधिमान्य करना चाहते है....?

यदि हाँ! तो आप भारत सरकार, WHO एवं माननीय सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाईन्स के अनुसार हमारे Certified Primary Medical Practitioner (CPMP) बनकर अपनी सम्बंधित पैथी में प्राथमिक चिकित्सा अभ्यास/व्यवसाय करें।
अत: CPMP प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु शीघ्र सम्पर्क करें।

Registration of Certified Primary Medical Practitioner (CPMP) हेतु आवश्यक दस्तावेज

1. 6 पासपोर्ट साईज फोटो।
2. चिकित्सकीय इलाज का विवरण।
3. 10 मरीजों द्वारा प्रशंसा पत्र।
4. शैक्षिक योग्यता की प्रतिलिपि।
5. शपथ पत्र (प्रारुप सलंगन)
6. चरित्र व निवास प्रमाण-पत्र प्रतिलिपि।
7. अनुभव प्रमाण-पत्र या मेडिकल कोर्स प्रति।
8. पंजीकरण शुल्क 20,000/- रु.।

GHMC संगठन की सदस्यता श्रेणियाँ

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. साधारण सदस्यता (गैर चिकित्सक) | शुल्क | 500/- | ₹ |
| 2. विशेष सदस्यता (चिकित्सक वर्ग) | शुल्क | 600/- | ₹ |
| 3. प्रमुख सदस्यता | शुल्क | 1100/- | ₹ |
| 4. संरक्षक सदस्यता | शुल्क | 5100/- | ₹ |
| 5. आजीवन सदस्यता | शुल्क | 11000/- | ₹ |
| 6. संस्थागत सदस्यता | शुल्क | 21000/- | ₹ |
| 7. सम्बद्धता सदस्यता | शुल्क | 11000/- | ₹ |
| 8. शिक्षा केन्द्र प्रभारी | शुल्क | 11000/- | ₹ |
| 9. ब्लाक शाखा पदाधिकारी | शुल्क | 1100/- | ₹ |
| 10. जिला पदाधिकरी | शुल्क | 2100/- | ₹ |
| 11. शैक्षिक परामर्शदाता (Academic Consultant) | शुल्क | 3100/- | ₹ |

नोट: GHMC की वार्ड या ब्लॉक स्तर पर शाखा खोलने हेतु 15 सदस्य/कैंडिडेट देना अनिवार्य है।

GLOBAL HEALTH & MEDICAL COUNCIL
(वैश्विक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा परिषद्)
Established under the Central Law of ITA 1882, Duly Regd. by Govt. of Delhi - Vide No. 2570/2017
Certified By: MINISTRY OF COMMERCE & INDUSTRY, GOVT. OF INDIA
Endorsement By : MINISTRY OF HEALTH & FAMILY WELFARE, GOVT. OF INDIA
Supported By : LOK SABHA SECRETRIATE, PARLIAMENT HOUSE, NEW DELHI
केन्द्रिय कार्यालय : प्लॉट न. 4, चन्द्रा पार्क, द्वारका मोड हाइवे (NSIT के सामने) नई दिल्ली-110078
हेल्पलाईन : 9212412283, 9650380366, 8700041125, 8368476436
E-mail : ghamc17@gmail.com | Website : www.globalmedicalcouncil.com
NOTE :- KINDLY CONTACT FOR FRANCHISE OPENING & ADMISSION


स्वात्वाधिकारी दिल्ली नेशनल मीडिया फेडरेशन लिए प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक डॉ. जसवीर आर्य द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस, 656 बल्लीमारान, दिल्ली से मुद्रित तथा मीडिया फोर्स कार्यालय प्लॉट नं0 4 चंद्रा पार्क, द्वारका मोड़ हाईवे, नई दिल्ली 110078 से प्रकाशित।
Mobile :9212412283 नोट- किसी भी वाद-विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली रहेगा। इस अंक में प्रकाशित किसी भी सामग्री से संपादक एवं प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्रधान संपादक डॉ जसवीर आर्य www.nationalmediaforceindia.com